हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 5 अगस्त 2025

06 चार करोड़ का पेचवर्क का ठेका फिर भी एक-एक...



07 स्मार्ट मीटर का तीखा विरोध, कांग्रेस का बिजली...





## खबर संक्षेप

### जबरन लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर का विरोध

**नर्मदापुरम।** कांग्रेस कमेटी द्वारा मध्यप्रदेश विधुत वितरण कम्पनी द्वारा द्वारा नगर में जबरन स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं इसके विरोध में नगर कॉंग्रेस कमेटी द्वारा 6 अगस्त दिन बुधवार को दोपहर 1 बजे रसूलिया स्थित कम्पनी के महाप्रबंधक कार्यालय का घेराव किया जायेगा। इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

### आयुक्त ने किया केसला औषधालय का निरीक्षण

**नर्मदापुरम।** संभाग कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी सोमवार को शासकीय आयुर्वेदिक औषधालय केसला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सार्थक एप पर चिकित्सक एवं कर्मचारियों द्वारा उपस्थित दर्ज ना करने पर नाराजगी व्यक्त और निर्देश दिए की सार्थक ऐप पर केसला औषधालय में पदस्थ चिकित्सक एवं कर्मचारी प्रतिदिन नियमित रूप से अपनी उपस्थित दर्ज कराए, उपस्थिति पंजी को विश्वसनीय नहीं माना जाएगा। कमिश्नर ने आयुर्वेदिक औषधालय की प्रतिदिन की ओपीडी का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए।

### जिला स्तरीय उपार्जन समिति की बैठक के दौरान कलेक्टर ने दिए निर्देश

# मूंग उपार्जन के सापेक्ष किसानों को शीघ्र किया जाए भुगतानः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सोमवार को कलेक्टर सोनिया मीना की अध्यक्षता में जिला उपार्जन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर द्वारा निर्देश दिए गए की किसानों द्वारा उपार्जित की गई मूंग का भुगतान समय पर किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि अब तक जितनी मात्रा में मूंग की खरीदी की गई है, उसके सापेक्ष भुगतान प्रक्रिया में कोई गैप बरखा जाए। उपार्जन समिति सुनिश्चित करें कि भुगतान प्रक्रिया में तेजी लाई जाए, तथा उपार्जित मूंग का शीघ्र भुगतान किया जाए। बैठक के दौरान उपसंचालक कृषि श्री जे आर हेडाऊ द्वारा जानकारी दी गई की अब तक कुल 71621 किसानों द्वारा स्लॉट बुकिंग की गई है जिसमें से 58477 किसानों से 183211.62 एमटी मूंग की खरीदी की जा चुकी है।

सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभागार में कलेक्टर सोनिया मीना की अध्यक्षता में जिला उपार्जन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर द्वारा निर्देश दिए गए।



### पानी की तलाश में घूम रहे हैं वन्य प्राणी

बैठक के दौरान कलेक्टर ने सहकारी समितियां से खाद एवं उर्वरक के सुचारु वितरण किए जाने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने कहा कि विशेष रूप से जिले के ऐसे स्थान जहां पर किसानों को खाद की उपलब्धता काम हो ऐसे स्थान पर समिति के माध्यम से खाद वितरण करवाया जाए। साथ ही उन्होंने यह निर्देश भी दिए कि खाद की कालाबाजारी पर सख्त से सख्त कार्यवाही की जाए। किसी भी स्थिति में कालाबाजारी तथा अमानक खाद विक्रय स्वीकार्य नहीं किया जाएगा इसके लिए संबंधित अधिकारी नियमित जांच करें। साथ ही कलेक्टर ने कृषि अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा मूंग की खरीदी में आ रही गड़बड़ियों की शिकायतों को भी गंभीरता पूर्वक हल किया जाए ताकि किसानों को अनवश्यक परेशान न होना पड़े। वेयर हाऊस पर खरीदी का सतत निरीक्षण जारी रखें ताकि उपार्जन प्रक्रिया निर्बाध रूप से जारी रह सके। विदित हो कि जिले में किसानों द्वारा मूंग उपार्जन में आ रही गड़बड़ियों की शिकायत की गई थी।

### उपार्जन प्रक्रिया के शेष दिवसों में विशेष ध्यान दिये जाने के निर्देश

कलेक्टर मीना ने कहा कि अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि कोई भी किसान उपार्जन प्रक्रिया के दौरान अपनी उपज विक्रय करने से वंचित न रहे। उन्होंने उपखंड स्तरीय समितियों को निर्देशित किया कि वे उपार्जन केंद्रों की आवश्यक व्यवस्थाओं का निरंतर निरीक्षण करें एवं किसी भी समस्या का शीघ्र समाधान करें तथा सुगमता से उपार्जन की पूरी प्रक्रिया संपन्न करें। कलेक्टर ने यह निर्देश भी दिए की जिला स्तरीय उपार्जन समिति सदस्य भी नियमित रूप से उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण करें तथा केंद्रों पर समस्याओं का समाधान करें। उन्होंने कहा कि उपार्जन प्रक्रिया के शेष दिवसों में विशेष ध्यान दिया जाए।

## सार्थक प्रयासः जिला अस्पताल को मिली दो शव वाहनों की सुविधा

### सुविधा होगी बिल्कुल फ्री, नहीं देनी होगी राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नर्मदापुरम जिला अस्पताल में अब किसी मरीज या घायल की मौत हो जाने पर अस्पताल से मृतक के घर तक शव ले जाने के लिए परिजनों को परेशान नहीं होना पड़ेगा। शवों को ले जाने के लिए निःशुल्क शव वाहन मिलेगा। जो सरकारी होगा। 108 एम्बुलेंस, जननी सुरक्षा की तर्ज सरकार ने जिला अस्पतालों में निशुल्क शव वाहन की व्यवस्था की। पिछले सप्ताह ही मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने प्रदेशभर के लिए आवंटित 148 शव वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सोमवार को शव वाहन नर्मदापुरम पहुंचे हैं। जल्द ही इसका टोल फ्री नंबर जारी करने के साथ ही इसकी सुविधा भी शुरू होगी। इसके शुरू होने से जिला अस्पताल में मृतक परिजनों से प्राइवेट शव वाहन संचालकों द्वारा करने वाली लुट खसोट, मनमानी पर रोक लगेगी। अभी फिलहाल शवों को ले जाने पर परिजनों को काफी परेशान होना पड़ता है। सीएमएचओ डॉक्टर नरसिंह गेहलोत ने बताया नर्मदापुरम जिले को दो शव वाहन मिले है। जिला चिकित्सालय में पोस्टमार्टम के बाद शव को घर पहुंचाने के लिए शव वाहन की निशुल्क मिलेगी। जिसके लिए डॉक्टर द्वारा जारी मृत्यु संबंधी दस्तावेज जरूरी होंगे। इसका पूरा खर्च सरकार उठाएगी।

### ध्वजारोहण एवं स्वागत समारोह के आयोजन हेतु बैठक 06 अगस्त को

**नर्मदापुरम।** स्वतंत्रता दिवस 2025 के अवसर पर राज्यपाल द्वारा पचमढी स्थित राजभवन में ध्वजारोहण किया जाएगा एवं सायं 04:00 बजे एट होम का कार्यक्रम राजभवन पचमढी में आयोजित किया जाना है। उक्त कार्यक्रम की तैयारियों हेतु राज्यपाल के प्रमुख सचिव की अध्यक्षता में 06 अगस्त 2025 को दोपहर 02:00 बजे से पचमढी स्थित राजभवन में बैठक आयोजित की गई है।

## धर्म प्रेमियों ने कांवड़ियों का जगह-जगह किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

अंकुर युवा संस्था लगातार 14 वर्षो से नागेश्वर कावड़ यात्रा निकाली जा रही है इस वर्ष में श्रवण के चौथे अंतिम सोमवार को सुबह से कावड़ यात्रा में शामिल होने वाले लोग वहां से चौकाघाट नर्मदा नदी पहचे मां नर्मदा का पूजन कर कावड़ में जल भरकर बम बम भोले की जय कारे लगाते हुए डी जे की धुन पर झूमते हुए चल रहे कावड़ियों का जगह-जगह धर्मप्रेमियों ने गनेरा नगवाड़ा समोन जिला यादव यदुवंशी समाज के पदाधिकारी और सदस्यों ने नगर में नसीराबाद रोड विधायक विजयपाल सिंह पूर्व विधायक गिरजा शंकर सत्यनारायण पाराशर आकाश तिवारी सेनानी परिवार के लायंस क्लब के पूर्व अध्यक्ष दीपक वर्मा निखिलेश चतुर्वेदी रुक्मणी महेश साहू चतुर्वेदी विधायक प्रतिनिधि छोटे लाल यादव संजय अग्रवाल समोन ग्राम पंचायत के सरपंच उमराव यादव रमेश तिवारी पार्षद रत्नेश बडगूजर सुनील मोदी देवेंद्र यादव अरविंद साहू एवं अनेक सामाजिक संगठन के कार्यकर्ताओं ने कावड़ियों का स्वागत किया।

## संस्कार भारती की कार्यकारिणी निर्वाचन प्रक्रिया हुई संपन्न, हर्ष तिवारी बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

संस्कार भारती नर्मदापुरम इकाई की कार्यकारिणी हेतु वर्ष 2025 -26 की निर्वाचन प्रक्रिया विगत दिवस गैलेक्सी इंटरनेशनल स्कूल में संपन्न हुई। निर्वाचन अधिकारी के रूप में संस्कार भारती, मध्य भारत प्रान्त के महासचिव एम. एल. कुशवाह उपस्थित रहे। नर्मदापुरम जिला इकाई के अध्यक्ष पद पर हर्ष तिवारी, महामंत्री के पद पर अभिषेक दुबे एवं कोषाध्यक्ष के पद पर ब्रज मोहन दुबे को निर्वाचित घोषित किया गया। कार्यकारिणी में संरक्षक के रूप में चंद्र शेखर शर्मा नियुक्त हुए। जय सिंह ठाकुर को मंचीय कला विभाग का व नित्या पटैरिया को दृश्य कला विभाग का संयोजक नियुक्त किया गया। प्रचार प्रसार का दायित्व अखिलेश गुरु गोस्वामी को दिया गया। अपने उद्बोधन के दौरान प्रांतीय महासचिव



एम एल कुशवाहा ने कहा कि यह देश नागरिकों से बनता है और इसकी रक्षा करना भी नागरिकों का ही दायित्व है। यह दायित्व संस्कार भारती कला के माध्यम से संपन्न करती है। कार्यक्रम के दौरान संस्कार भारती नर्मदापुरम के सभी सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी उपस्थित सदस्यों ने संस्कार भारती के कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए अपनी निष्ठा प्रकट की।

## तीन युवकों ने की भाजपा नेता के साथ मारपीट शराब पीने अड़ीबाजी कर पैसे लेने का था विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम में रविवार रात शहर के चक्कर रोड चौराहे पर भाजपा मंडल आईटी सेल प्रभारी और रेलवे ठेकेदार निखिल चौरे के साथ तीन युवकों ने मारपीट की। आरोप है कि युवकों ने शराब पीने के लिए रुपए मांगे और मना करने पर हमला कर दिया। घटना कैमरे में कैद हुई। पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में लिया है और एक की तलाश जारी है। निखिल चौरे ने बताया कि रविवार रात करीब 8 बजे वह अपने साथी आनंद सोनी और नीलेश सैनी



के साथ बाइक से घर जा रहे थे। चक्कर रोड चौराहे पर फुल्की पैक करा रहे थे, तभी रंजीत सिंह तोमर और श्रीकांत पटेल वहां आए। उन्होंने चौरे की कॉलर पकड़ी और शराब पीने के लिए रुपए मांगे। इंकार करने पर दोनों ने मारपीट शुरू कर दी। चौरे किसी तरह वहां से निकले, लेकिन कुछ दूरी पर ब्रजबासी रेस्टोरेंट के पास युवकों ने उन्हें फिर से रोक लिया और तीसरे साथी के साथ मिलकर दुबारा पिटाई की। निखिल को सिर, कमर, हाथ और चेहरे पर चोटें आईं। उनके दोस्तों ने बीच-बचाव किया।चौरे पहले कोतवाली थाने गए, लेकिन क्षेत्राधिकार का हवाला देकर उन्हें देहात थाने भेज दिया गया। वहां 3 घंटे बाद रात 12 बजे केस दर्ज हो सका। पुलिस ने रंजीत सिंह तोमर और श्रीकांत पटेल को हिरासत में ले लिया है, तीसरे आरोपी की तलाश जारी है।

## गौ माता राष्ट्र माता सम्मान का विषयः सांसद दर्शन सिंह

### जीवदया राधे गौसेवा समिति के आयोजन पर सांसद ने मंच से की प्रशंसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सदन में भारतीय संस्कृति का प्रतीक, देश के आर्थिक ढांचे की आधार स्तंभ गौ माता को 'राष्ट्र माता' का दर्जा देकर गौ माता के संरक्षण एवं संवर्धन का विषय रखने के बाद दिल्ली से अपने लोकसभा नर्मदापुरम नरसिंहपुर क्षेत्र प्रवास पर आए लोकप्रिय सांसद दर्शन सिंह चौधरी का जीवदया राधे गौसेवा समिति ने नर्मदा पुरम नेहरू पार्क में स्वागत अभिनंदन कार्यक्रम रखा। ढोल धमाकों और पुष्प वर्षा के साथ गौ सेवकों ने सांसद चौधरी की मंच तक आगवानी की। कार्यक्रम स्थल पर सांसद शदर्शन सिंह चौधरी ने गौ माता का पूजन किया। सांसद चौधरी ने अपना स्वागत ना करवाते




हुए गौ भक्तों को पुष्पहार पहनाते हुए शाल श्रीफल से स्वागत कर सम्मानित किया। ज्ञातव्य हो कि भारतीय संसद में गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने की बात बड़े वेबाकी से सांसद चौधरी ने उठाई है। नर्मदापुरम जीव दया राधे गौ सेवा समिति के संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार कमलेश चौधरी और समिति के कर्ताधर्ता गौ सेवक अशोक साहू ने अभिनंदन कार्यक्रम रखा। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार बलराम शर्मा ने किया। सम्बोधन में सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि गौ सेवकों का राष्ट्र के प्रति उनके आत्मीय प्रेम, सच्ची श्रद्धा भक्ति की भावना को दर्शाता है। सनातनियों के घर घर पूजे जानी वाली गौ माता को राष्ट्र माता होना सबके सम्मान का विषय तो है हि हम सबका दायित्व बनता है कि धार्मिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और औषधिय महत्त्व रखने वाली गौ माता को अपने घर पालते हुए संरक्षण,संवर्धन करें। तभी हमारी माताओं, बहनों द्वारा रोजाना संध्या समय गाई जाने वाली आरती वंदन गौ माता की जय का जयघोष सार्थक होगा। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व विभाग कार्यवाह गोविंद सिंह राजपूत, स्वदेशी जागरण मंच के विभाग संयोजक डॉ योगेश मोहन सेठा, नगर पालिका विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव, वरिष्ठ नेता हंसराय, पूर्व नपा अध्यक्ष अखिलेश खंडेलवाल,वरिष्ठ पत्रकार बलराम शर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता के के थापक,एडवोकेट संजय अग्रवाल आदि मौजूद रहे।


### केन्द्रीय जेल में दन्त रोग शिविर का हुआ आयोजन

**नर्मदापुरम।** अधीक्षक केन्द्रीय जेल ने बताया कि केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम खण्ड 'अ' में गत दिवस 03 अगस्त 2025 को समाज सेवी भावना बिष्ट, नर्मदापुरम के सहयोग से जेल में निरूद्ध दन्त रोग से पीडित बंदियों के दन संबंधी जांच एवं उपचार हेतु शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर में डॉ. शिवम (दन्त रोग विशेषज्ञ), डॉ. मयंक तोमर के द्वारा दन्त रोग से पीडित 34 पुरूष बंदी एवं 12 महिला बंदी कुल 46 बंदियों को जांच कर आवश्यक उपचार एवं दवाईयों दी गई। आयोजित शिविर के दौरान जेल अधीक्षक संतोष सोलंकी, उप अधीक्षक प्रहलाद बरकडे, सहायक अधीक्षक हितेश बंडिया एवं जेल स्टाफ / कर्मचारी उपस्थित रहे।

## भाजपा जिलाध्यक्ष के मानवीय कार्य की लोगों ने की प्रशंसा, बोले-सभी को मिली है प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला ने एक बार फिर सेवा, संवेदनशीलता और सजगता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। सोमवार को जब वे नर्मदा पुरम से सिवनी मालवा की ओर रवाना हो रही थीं, तभी रास्ते में टोल नाके के पास एक महिला की गंभीर स्थिति पर उनकी नजर पड़ी। पता करने पर मालूम हुआ कि महिला 8 माह की गर्भवती हैं और अचानक तबीयत बिगड़ने के कारण असहाय अवस्था में सड़क किनारे बैठी हैं। महिला की पहचान बहन किरण केवट के रूप में हुई, जो अत्यधिक कमजोरी, चक्कर और बेचैनी से पीड़ित थीं। गर्भवती



होने के कारण स्थिति और अधिक चिंताजनक थी। ऐसे में प्रीति शुक्ला ने तत्काल मानवीय पहल करते हुए 108 एंबुलेंस को बुलवाया। एंबुलेंस के आने तक उन्होंने महिला को ढांढस बंधाया और उसकी पूरी स्थिति पर स्वयं निगरानी रखी। इसके बाद उन्हें तुरंत जिला अस्पताल रवाना करवाया गया। अस्पताल सूत्रों के मुताबिक, समय पर इलाज मिलने के कारण अब महिला की हालत स्थिर है और डॉक्टरों की निगरानी में उचित देखभाल की जा रही है। इस मानवीय कार्य के लिए स्थानीय लोगों और राहगीरों ने भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला की भूरि-भूरि प्रशंसा की। साथ ही उन्होंने नागरिकों ने कहा कि आम नागरिकों को भी इस कार्य से प्रेरणा लेना चाहिए।

## जिपं सीईओ ने किया ग्राम पंचायतों का औचक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सोजान सिंह रावत द्वारा 4 अगस्त को जनपद पंचायत नर्मदापुरम की ग्राम पंचायत डोंगरवाडा, रंढाल, तालनगरी, बरंडुआ आदि का भ्रमण कर नर्मदा परिक्रमा पथ अंतर्गत आश्रय स्थल पर होने वाले वृक्षारोपण स्थलों का निरीक्षण किया गया। साथ ही उक्त ग्राम पंचायत में स्कूल, आंगनवाडी एवं मध्यान्ह भोजन, प्रधान मंत्री आवास का भी निरीक्षण किया गया । ग्राम पंचायत रंढाल और डोंगरवाडा में नर्मदा परिक्रमा पथ पर पौधरोपण किया जाना है, इस हेतु इन पंचायतों को तार फेंसिंग की राशि भी शासन से जारी की गयी है। कार्य होने से पूर्व जगह एवं कार्य की उपयोगिता का परीक्षण करने हेतु सीईओ जिला पंचायत द्वारा स्थल भ्रमण किया गया। जिन पंचायतों में उपयुक्त भूमि प्राप्त नहीं हुई उनके अन्य स्थलों या उस पंचायत के अन्य ग्रामों में उपयुक्त स्थल चयन के निर्देश दिये।

### नपा के सभाकक्ष में हुई राजस्व शाखा की अहम बैठक

# कार्य में लापरवाही बरत रहे चार राजस्व निरीक्षकों को नपा अधिकारी ने थमाए नोटिस, बकायदारों के नाम होंगे सार्वजनिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगरपालिका के सभाकक्ष में सोमवार को राजस्व शाखा की समीक्षा बैठक हुई जिसमें कर वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। त्यौहारी बाजार को व्यवस्थित लगवाने तथा सड़क मार्ग को अवरूद्ध करने वालों पर जुर्माने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। साथ ही बड़े बकायादारों के नाम सार्वजनिक किए जाने तथा टैक्स रि-असिस्मेंट करने के राजस्व की टीम को निर्देश दिए गए। बैठक में कार्य में लापरवाही बरतने वाले चार राजस्व निरीक्षकों को नोटिस जारी किए गए।

कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू




महेंद्र यादव और मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर राजस्व शाखा की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नपाध्यक्ष श्रीमती यादव, सीएमओ श्रीमती पटले, राजस्व शाखा प्रभारी उपयंत्री दीक्षा तिवारी सहित राजस्व विभाग के समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करें


बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारी पटले ने निर्देश दिए किए शासकीय कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या ढुममुल रवैया बर्दास्त नहीं किया जाएगा। सौंपे गए दायित्वों का पालन सजगता से और जिम्मेदारीपूर्वक समय सीमा में करें अन्यथा वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। सीएमओ ने निर्देश दिए कि टैक्स वसूली में तेजी लाएं। जो दुकानदार प्रीमियम जमा नहीं कर रहे हैं उन पर कार्रवाई करें। बड़े बकायादारों के नाम सार्वजनिक करें। चौक चौराहों पर पोस्टर लगाएं। सभी वार्डों में और कालोनियों में टैक्स को लेकर रि असिस्मेंट करें। जहां नवनिर्माण हो गए हैं या चल रहे हैं टैक्स पुनरीक्षण करें फिर टैक्स वसूली करें। सतरस्ते से लेकर नेहरू पार्क की चौपाटी तक फल सब्जी ठेले वालों द्वारा सड़क किनारे खड़े होने से यातायात अवरूद्ध हो रहा है। राजस्व निरीक्षक की टीम और अतिक्रमण दल द्वारा जहां मार्ग अवरूद्ध किया जा रहा है उन्हें वहां से हटाएं और साथ ही जुर्माना की कार्रवाई करें।

## शहर में जारी है नपा का स्वच्छता अभियान, सड़क की हुई सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

श्रावण मास के चौथे सोमवार को निकली भगवान भोले की शाही सवारी के पीछे नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव की पहल पर स्वच्छता वाहन भी चलाया गया। भगवान भोलेनाथ की शाही सवारी के पीछे एकत्रित हो रहे विभिन्न प्रकार के कचरे को और अन्य सामग्री को सफाईदूतों द्वारा एकत्रित कर स्वच्छता वाहन में डालते जा रहे थे। इस कार्य की नगर के नागरिकों ने प्रशंसा की है। यह अच्छा है कि अब नागरिकों को सफाई के लिए दूसरे का दिन का इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

स्वच्छता निरीक्षक अनुराग तिवारी ने बताया कि शाही सवारी के पीछे अलग अलग दो वाहन चलाए गए थे जिसमें एक फूल बेल पत्ती और अन्य पूजन की सामग्री एकत्रित की जा रही थी। वहीं दूसरे में डिस्पोजल



या अन्य कचरा एकत्रित कर उसमें डाला जा रहा था।

खबर संक्षेप

## पटवारी से मारपीट के विरोध में 3 दिन सामूहिक अवकाश पर रहेंगे पटवारी

**बैतूल।** शासकीय कार्य के दौरान पटवारी से मारपीट और जातिसूचक गालियां देने के मामले में अब तक अपराधी की गिरफ्तारी नहीं होने से नाराज मध्यप्रदेश पटवारी संघ जिला बैतूल के पदाधिकारियों ने कलेक्टर को ज्ञापन देकर 3 दिन के सामूहिक अवकाश की घोषणा कर दी है। पटवारी संघ के जिला अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने बताया कि पटवारी संघ ने दिनांक 25 जुलाई को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर अवगत कराया था कि तहसील बैतूल में पदस्थ पटवारी राजेन्द्र बेठे के साथ ग्राम खंजनपुर में 24 जुलाई को स्थल निरीक्षण के दौरान राजीव पिता अशोक मिश्रा द्वारा मारपीट की गई, गाली-गलौच करते हुए जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया गया और शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न की गई। घटना की शिकायत के बाद थाना स्तर पर एफआईआर दर्ज की गई, लेकिन अब तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। पटवारी संघ का कहना है कि इसी प्रकार की एक अन्य घटना 31 जुलाई को तहसील आमला के ग्राम कलमेश्वरा में घटी, जहाँ जांच दल प्रभारी राजस्व निरीक्षक ताप्तीप्रसाद बारस्कर, पटवारी बिरजलाल भलावी और पटवारी संतराम नर्रे के साथ दिनेश पिता देवीराम यादव ने अभद्र व्यवहार किया और शासकीय दस्तावेजों की छीना-झपटी की। इस मामले में एफआईआर के बाद आरोपी को तत्काल उसी दिन गिरफ्तार कर लिया गया। संघ ने आरोप लगाया है कि बैतूल तहसील के मामले में ढिलाई बरती जा रही है। फरियादी पटवारी राजेन्द्र बेठे को एमएलसी के लिए अस्पताल भेजने की बजाय कहा गया कि अपने स्तर से कहीं से भी एमएलसी करा लो, हमारे पास कोई व्यवस्था नहीं है।

### पांच माह पहले हुए थे वर्क आर्डर, फिर भी गड्ढों से परेशान हो रहे वाहन चालक

# चार करोड़ का पेचवर्क का ठेका फिर भी एक-एक फीट गहरे गड्ढे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

बैतूल-इटारसी फोरलेन की 21 किलोमीटर सडक का काम अटकने के कारण एनएचएआई ने 4 करोड़ की लागत से इस सडक़ के पैचवर्क का ठेका किया था। इसके तहत इस फोरलेन के गड्ढे भरे जाने थे, लेकिन पांच महीने पहले काम शुरू किए जाने के बावजूद अब तक यहां 40 प्रतिशत ही काम हुआ है। अब भी इस सडक़ पर काम अधूरा है , एक-एक फीट गहरे गड्ढे यहां पर हो चुके हैं। बारिश में यह गड्ढे समझ में नहीं आते, जिसके कारण वाहन चालक दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। यहां तक कि इन गहरे गड्ढों में बडे वाहनों के जाने से वे खराब हो रहे हैं, उनके पट्टे टूटने से हजारों का नुकसान वाहन चालको को हो रहा है। दरअसल बैतूल-इटारसी फोरलेन के 72 किलोमीटर में से 51 किलोमीटर सडक़ बन चुकी है। वहीं 21 किलोमीटर सडक़ अधूरी है। इसका मामला अधर में है, इसका पैचवर्क नहीं किया गया है। एनएचएआई ने इसके पैचवर्क का 4 करोड़ का ठेका करते हुए लगभग पांच महीने पहले श्रीजी एसोसिएट्स को वर्क आर्डर जारी किए थे। 6 महीने में काम पूरा किया जाना था, लेकिन काम देरी से शुरू किया गया। एनएचएआई का दावा है कि 40 प्रतिशत काम हो चुका है, अभी बारिश के कारण काम रुका है। लेकिन हकीकत यह है कि इस पूरी सडक़ पर गड्ढे ही गड्ढे हैं। एक-एक फीट गहरे गड्ढे हो चुके हैं। वाहनों के इनमें जाने से इनमें खराबियां आ रही हैं। चार करोड़ की लागत से 40 प्रतिशत काम हो गया, लेकिन इसका असर यहां पर देखने को नहीं मिल रहा है। अब काम जल्द पूरा करने की जरूरत है। इस बारे में श्रीजी एसोसिएट के गौरव थापक को फोन लगाया गया। दूरभाष पर इनसे संपर्क किया गया तो इन्होंने मोबाइल तक रिसीव नहीं किया। ना ही कोई रिटर्न कॉल किया। इस कारण उनका पक्ष उनकी ही लापरवाही से नहीं रखा जा सका है। जबकि इधर विरोध के बावजूद टोल नाके पर लगातार टोल टैक्स वसूली की जा रही है। बस ऑपरेटर योगेश पोटे ने बताया कि बसों के पहियों में गिट्टी घुसने और आगे-पीछे के पट्टे टूटने की स्थितियां बहुत बन रही हैं। दो बसें हमारी चलती हैं, इनमें खराबी लगातार आ रही है। हर बार पट्टा बदलने पर 1400 से 2600 रुपए तक खर्च होते हैं। इसी के साथ अन्य बसों के वाहन चालको जिनमें सोनू बारस्कर समेत अन्य शामिल हैं।

#### शुरू करवाएंगे काम

अभी बरेठा घाट पर पैच वर्क का कार्य चल रहा है। बारिश में डामर का पैच वर्क करने में परेशानी होती है, इसीलिए जैसे ही कुछ दिन के लिए बारिश बंद होती और मौसम खुला रहता है, तो पैचवर्क शुरू कर देते हैं। लगभग 40 प्रतिशत पेंचवर्क का काम हो गया है, अगले चरण में केसला एवं भौंरा के पास पैंचवर्क किया जाएगा।

**मनीष मीणा,**
प्रोजेक्ट डायरेक्टर, एनएचएआई

#### 51 किमी बनी सड़क लेकिन सुविधाएं अधूरी

बैतूल से इटारसी के बीच 650 करोड़ की लागत से 72 किलोमीटर फोरलेन बनना था। 72 किलोमीटर में से 21 किलोमीटर में अभी भी काम रुका हुआ है। लेकिन जो 51 किलोमीटर सडक़ बनी है उसमें भी इंतजामात अधूरे ही हैं, सडक़ पर ट्रैफिक शुरू होने और टोल टैक्स वसूली करने के बाद अब तक यहां पर सुविधाएं अधूरी हीं हैं। इस सडक़ का अधिकांश हिस्सा अंधेरे में डूबा रहता है। कई जगहों पर क्रॉसिंग भी नहीं बनी है। जिससे लोग रांग साइड से वाहन चलाते है और दुर्घटना का शिकार बन रहे है। कुछ जगहों पर लाइट नहीं होने से लोगों को आने-जाने में दिक्कते होती है।

#### फोरलेन पर बनना है एनीमल अंडरपास

फोरलेन निर्माण से बाघों और अन्य वन्य प्राणियों का आवागमन प्रभावित नहीं हो, इसके लिए फोरलेन सडक़ पर दो जगह एक किलोमीटर और 400 मीटर के एनीमल अंडरपास बनाने की रिपोर्ट, राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड ने एनएचएआई को दी थी। इस रिपोर्ट के अनुसार तवा परियोजना के प्रवेश द्वार के समीप और बरेठा घाट के समीप दो जगहों पर ये अंडरपास बनाने पडेंगे, जिससे कि वन्य प्राणियों का आवागमन इस फोरलेन के बनने पर प्रभावित नहीं हो। अब इस रिपोर्ट के अनुसार ही यहां पर आगे काम होगा। इस रिपोर्ट के बाद 21 किलोमीटर में रुका हुआ काम शुरू होने के आसार भी बन गए हैं। लेकिन काम शुरू नहीं हुआ है।

### मंदिरों में उमड़ी भीड़, हुए धार्मिक आयोजन

## छोटा महादेव भोपाली में करीब 15 हजार श्रद्धालुओं ने किए दर्शन



**बैतूल।** सावन मास के चौथे और अंतिम सोमवार को शहर के शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर भगवान शिव का जल से अभिषेक किया और पूजा-अर्चना की। सबसे ज्यादा भीड़ जिला मुख्यालय से 30 किमी दूर छोटा महादेव भोपाल में देखी गई। यहां 15 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने शिव गुफा मंदिर में पहुंचकर भगवान शिव का पवित्र जल से अभिषेक किया और सुख समृद्धि की कामना की। मंदिरों में सुबह से ही भगवान शिव की पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं के पहुंचने का क्रम शुरू हो गया था, जो देर रात तक चलते रहा। जिससे भोपाली की पहाड़ी भगवान शिव के जयकारों से गुंजायमान हो उठी। दूर दराज से आए श्रद्धालुओं ने भंडारों के स्टाल लगाए। जिसमें साबूदाना की खिचड़ी, केला, मूंगदाल की खिचड़ी आदि वितरित की गई। भीड़ को देखते हुए सारणी एसडीओपी के नेतृत्व में थाना प्रभारी अवधेश तिवारी के निर्देश में रानीपुर पुलिस बल अंबा माई से शिखर गुफा तक लगाया गया, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो एवं किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना न घटे। थाना प्रभारी अवधेश तिवारी ने झरने के ऊपर चढक़र नहाने के लिए श्रद्धालुओं को मना किया। इधर रानीपुर बस स्टैंड पर भी भंडारे के इंस्टाल लगाए गए, जिसमें भोपाली जाने वाले श्रद्धालु ने भंडारा प्रसादी ग्रहण की।

**मंदिरों में रही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ :** सावन मास के चौथे एवं अंतिम सोमवार शहर के शिवालयों में भक्तों की भीड़ रही। शिव भक्तों ने शिवालय पहुंचकर जल, पंचामृत और दूध से भगवान शिव का अभिषेक किया। वहीं मुक्तकंठ से जयकारे लगाये। जिससे शहर के समस्त शिवालय जयकारों से गूंजायमान हो उठे। सावन माह के सोमवार को भगवान शिव की पूजा-अर्चना के लिए बेहद शुभ माना जाता है।

## प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक

**बैतूल।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन बैतूल की नियमित मासिक बैठक आज 5 अगस्त को प्रातः 11 बजे से जिला अध्यक्ष सुन्दरलाल कड़वे के निवास में आयोजित की गई है। बैठक में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विगत माह सेवा निवृत्त हुए शासकीय कर्मचारियों का गरिमामय स्वागत और सम्मान किया जाएगा। बैठक में प्रमुख रूप से प्रांतीय नेतृत्व से प्राप्त मांग पत्र को लेकर विचार-विमर्श किया जाएगा। इस पत्र को मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री को सौंपने के लिए स्थानीय सांसद एवं विधायक की लिखित अनुशंसा प्राप्त कर प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा प्रस्तुत किए जाने पर निर्णय लिया जाएगा। बैठक में प्रारंभ किए गए आजीवन सदस्यता अभियान की प्रगति की समीक्षा की जाएगी तथा महिला सदस्यों की संख्या बढ़ाने को लेकर गहन विचार किया जाएगा। इसके साथ ही अन्य समसामयिक सामूहिक एवं व्यक्तिगत लंबित प्रकरणों पर भी चर्चा की जाएगी। जिला अध्यक्ष सुन्दरलाल कड़वे एवं सचिव शिवचरण हजारे ने समस्त पेंशनर्स साथियों से विनम्र आग्रह किया है कि वे समय पर पहुंचकर बैठक को सफल बनाएं एवं संगठन की गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता करें।

### जिले में हर घर तिरंगा अभियान दो चरणों में होगा आयोजित

# विद्यार्थियों के नामांकन में कम प्रगति पर सभी बीईओ का 7 दिवस वेतन काटे जाने के निर्देश

### कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के शीघ्र निराकरण किए जाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



सोमवार को समय सीमा की बैठक में कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने केन्द्र एवं राज्य शासन की फ्लैगशिप योजनाओं की विभागवार विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि शासन की अति महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ अंतिम पात्र हितग्राहियों को मिले यह सुनिश्चित किया जाए। सभी विभाग योजनाओं में लक्ष्य को हासिल करें और विभागीय वसूली में प्रगति लाए। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने शिक्षा विभाग में निशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण, निशुल्क साइकिल वितरण तथा कक्षा 9वीं, 10वीं तथा 12वीं के विद्यार्थियों के नामांकन प्रगति की ब्लॉकवार समीक्षा की। योजनाओं की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने कम प्रगति मिलने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी बीईओ का 7 दिन का वेतन काटे जाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदार को निर्देशित किया कि जिले में निशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण, नामांकन तथा साइकिल वितरण की प्रगति का सतत निरीक्षण करें। इसके अलावा उन्होंने स्कूलों के माध्यम से जाति प्रमाण पत्र वितरण किए जाने की भी विस्तृत समीक्षा कर सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि बीईओ के माध्यम से विद्यार्थियों के आवेदन प्राप्त कर जाति प्रमाण पत्र बनाए जाए। पीएम आवास योजना 2.0 की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने जिले में अपूर्ण आवासों की राशि हितग्राहियों से वसूल किए जाने के निर्देश सभी तहसीलदार, नायाब तहसीलदार को दिए। बैठक में कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए 6 अगस्त को कलेक्ट्रेट सभागार में शिविर लगाएं जाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन, बैतूल एसडीएम मकसूद अहमद सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

#### विद्यार्थियों के लिए लगाए जाएंगे विशेष शिविर

कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने बैठक में शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग एवं जेएच कॉलेज के संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले के सभी शैक्षणिक संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के जनधन खाते तत्काल खोले जाएं। कलेक्टर ने विशेष रूप से एलडीएम और जिला शिक्षा अधिकारी को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि जिन विद्यार्थियों के अभी तक बैंक खाते नहीं खुले हैं, उनकी सूची शिक्षकों के माध्यम से तैयार की जाए। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने कहा कि शिक्षा केवल अकादमिक ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि आर्थिक समावेशन भी इसका अहम हिस्सा है। विद्यार्थियों के जनधन खाते खुलने से भविष्य में संचालित होने वाली छात्रवृत्ति, बीमा और पेंशन जैसी योजनाओं का भी लाभ मिल पाएगा। उन्होंने निर्देशित किया कि बैंकिंग संस्थानों के सहयोग से स्कूलों और कॉलेजों में विशेष कैंप आयोजित किए जाएं, जहां विद्यार्थियों के जनधन खाते खोले जा सकें। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने बैठक में राजस्व विभाग की गहन समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि कोई अधिकारी तय समय-सीमा में प्रकरणों का निराकरण नहीं करता है, तो उस पर 5 हजार का अर्थदंड लगाया जाएगा। कलेक्टर ने सभी तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में लंबित प्रकरणों की सूची तैयार कर प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आमजन से जुडे मामलों को लंबित रखना प्रशासन की जवाबदेही को प्रभावित करता है, इसलिए सभी अधिकारी जिम्मेदारी के साथ कार्य करें।

#### सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा कर दिए आवश्यक निर्देश

कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने सभी विभागीय अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का त्वरित, संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से 50 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए नाराजगी व्यक्त की तथा संबंधित विभागों को शीघ्र निराकरण की दिशा में ठोस कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए एक सशक्त माध्यम है। कलेक्टर ने यह भी निर्देशित किया कि सभी विभागीय अधिकारी नियमित रूप से सीएम हेल्पलाइन पोर्टल की समीक्षा करें।

### संभाग आयुक्त का आकस्मिक निरीक्षण

## स्वास्थ्य केंद्रों में स्टाफ की अनुपस्थिति पर फटकार, ग्रामीणों को दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौरा



सोमवार को संभाग आयुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी ने बैतूल जिले के शासकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और आयुर्वेदिक अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त संचालक डॉ. सुरेश गौड़ भी मौजूद रहे। निरीक्षण में अधिकांश स्टाफ की अनुपस्थिति मिलने पर आयुक्त ने कड़ी नाराजगी जताई। निरीक्षण के दौरान अस्पताल के ज्यादातर कर्मचारी और डॉक्टर अपने कर्तव्यस्थल पर नहीं पाए गए।

इस पर संभाग आयुक्त तिवारी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आयुक्त ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती दो महिलाओं की डिलीवरी के बाद नवजात शिशुओं का टीकाकरण भी सुनिश्चित कराया। उन्होंने मरीजों से बातचीत कर सेवाओं की गुणवत्ता का जायजा लिया। आयुक्त के आगमन की सूचना मिलते ही बैतूल के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार हुरमाड़े ने अस्पताल स्टाफ की आपात बैठक ली। उन्होंने सभी कर्मचारियों को नियमित उपस्थिति और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने डॉक्टरों की अनुपलब्धता की शिकायत की। उन्होंने बताया कि वर्तमान में केवल डॉ. अभिनव शुक्रवार को ही अस्पताल आते हैं। इस पर सीएमएचओ ने आश्वासन दिया कि जल्द ही नए डॉक्टरों की नियुक्ति की जाएगी, जो सप्ताह में दो दिन सेवा देंगे। उन्होंने कहा कि भर्ती होते ही सबसे पहले भौंरा और शाहपुर क्षेत्रों में डॉक्टर तैनात किए जाएंगे।

#### डाबरी स्वास्थ्य केंद्र पर कार्रवाई

*शासकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डाबरी में लगातार कर्मचारियों की अनुपस्थिति की शिकायत पर आयुक्त ने तुरंत कार्रवाई का आदेश दिया। सीएमएचओ ने वहां के स्टाफ को दो दिन निरंतर ड्यूटी पर रहने के सख्त निर्देश जारी किए। संभाग आयुक्त के इस निरीक्षण से स्वास्थ्य विभाग में हडक़ंप मच गया है। ग्रामीणों को नियमित डॉक्टरों की सुविधा मिल पाती है।*

### ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

## चंदोरा कला को स्वतंत्र ग्राम घोषित करने की मांग



**मुलताई।** चंदोरा बांध क्षेत्र के विस्थापित ग्रामीणों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौप मध्यम सिंचाई परियोजना चंदोरा के विस्थापित ग्राम चंदोरा कला क्रमांक 2 को स्वतंत्र ग्राम घोषित करने की मांग की है। विस्थापित ग्राम के ग्रामीणों ने सौंप गए ज्ञापन में कहां है कि चंदोरा जलाशय निर्माण वर्ष 1981-82 में हमारा ग्राम चंदोरा बुजुर्ग को पूर्ण आबादी ग्राम का भू-अर्जन मप शासन द्वारा किया गया था जिसकी आबादी भुमि, निस्तार भूमिः चरागाह भूमि, शमशान घाट भूमि एवं तिन मंदिर (हनुमान मंदिर, ताप्ती माता मंदिर, खोखली माता मंदिर एवं तालाब का गु-अर्जन हुआ था। सिमांई विभाग द्वारा विस्थापीत ग्राम को दो ग्रामों में विस्थापीत किया गया था जिसको चंदौरा कला कमांक 01 तथा चंदोरा कला कमांक 02 नाम दिया गयां जिसने ग्राम चंदोरा कला कमांक 02 को मौजा सिरसावाड़ी कि भूमि का अधिग्रहण कर बसाया गया किंतु ग्राम चंदोरा कला कमांक 02 का नाम राजस्व रिकार्ड में नदारद दिखाया जा रहा है। पुर्व में हमारे दस्तावेज चंदोरा कला क्रमांक 02 के नाम से बनाये गये है। वर्तमान में हमे ग्राम सिरसावाडी का निवासी बताया जा रहा है, पावकी हमारे ग्राम चंदोरा कला कमांक 02 से चान सिरसावाठी कि दूरी 02 कि0मी0 है। ज्ञापन सपना वालों में जेडी पाटिल, कृष्णा दवड़े, जयदेव मानकर आदि प्रमुख है।

### रात भर चलकर ताप्ती तट पहुंचे सर्रई के कांवड़िए

# अंतिम सोमवार को शिवालय में लगी श्रद्धालुओं की भीड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

श्रावण मास के अंतिम सोमवार को ताप्ती तट पर स्थित प्रसिद्ध शिव मंदिर तप्तेश्वर, गुप्तेश्वर महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं का डाटा लगा रहा। अंतिम सोमवार को क्षेत्र के अनेक स्थानों से कंधे पर श्रद्धा की कावड़ लिए मुलताई पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रातः ही मां ताप्ती का दर्शन कर ताप्ती जल लेकर अपने ग्रामों की ओर प्रस्थान किया। प्रतिवर्ष अनुसार महाकाल कावड़ यात्रा में सर्रई के कांवड़िए रात्रि में सर्रई से कावड़िए और शिव भक्त जिसमें छोटे-छोटे बच्चे ,छोटी बच्चियां एवं महिलाएं शामिल थी ताप्ती तट मुलताई पहुंचे एवं सोमवार सुबह ताप्ती दर्शन कर ताप्ती का पवित्र जल कावड़ में भरकर ताप्ती पूजा एवं परिक्रमा कर सर्रई की ओर रवाना हुए। यात्रा के दौरान भक्त भक्तिमय गीतों पर नाचते गाते और जयकारा लगाते आगे बढ़े।शिव भक्तों का रास्ते में जगह-जगह स्वल्पाहार कराकर स्वागत किया गया। दुनावा पहुंचने पर शिव भक्तों का स्वागत एवं स्वल्पाहार करवाया। तत्पश्चात शिव भक्त कावड़ लेकर सर्रई की ओर रवाना हुए, संजय गिराहरे, नरेंद्र अवलपाने, निलेश बारंगे, अरुण खपरिए, संतोष सूर्यवंशी ,पूरण नर्रे, मयंक सूर्यवंशी, पवन कामड़ी, राजू आवलपाने ,छकन सूर्यवंशी, महादेव दमिया, रवि दमिया, ज्ञानी खपरिए, राजू ईवने, अभय, सागर, शिवम, निर्मल, महेंद्र, वेदांत आवलपाने, पूनम गिराहरे, रीना वॉईकर, लक्ष्मी दमिया, ज्योति,भादे, एवं छोटी बच्चियां वैष्णवी आवलपाने, मिष्ठी सूर्यवंशी, उन्नति दमिया, छोटा बालक अर्पित सूर्यवंशी आदि शिव भक्ति एवं कावडय़ाि शामिल हुए।शिव मंदिर पहुंचने पर सभी शिव भक्तों ने भगवान शिव का जल अभिषेक कर पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख शांति के लिए प्रार्थना की।मंदिर में दिनभर भजन कार्यक्रम चालू रहा। कार्यक्रम प्रसादी से समापन हुआ।

## सावन के अंतिम सोमवार पर शिवालयों में गूंजे हर हर महादेव के जयकारे, शिवभक्तों ने किया अभिषेक और पूजन



**भौंरा।** सावन मास के अंतिम सोमवार को भौंरा नगर शिवभक्ति में पूरी तरह डूबा रहा। नगर के प्रमुख शिवालयों माता मोहल्ला स्थित शिव मंदिर, रामलीला चौक शिव मंदिर, मां बिजासन मंदिर सहित नगर के कई मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की कतारें देखने को मिलीं। श्रद्धालुओं ने जल, दूध और बेलपत्र अर्पित कर भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया और परिवार की सुख-शांति की कामना की। पूरे दिन मंदिरों में हर हर महादेव और बोल बम के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। महिलाओं, युवाओं और बच्चों की उत्साहपूर्वक भागीदारी ने सावन के अंतिम सोमवार को विशेष बना दिया। कई श्रद्धालुओं ने निर्जल व्रत रखकर पूजन किया और भगवान शिव को भोग अर्पित किया। इसी क्रम में नगर के बजरंग मंदिर में रविवार से प्रारंभ हुआ अखंड रामायण पाठ सोमवार को पूर्ण हुआ। पाठ के समापन के पश्चात विधिवत हवन-पूजन किया गया और प्रसाद वितरण कर श्रद्धालुओं को धर्मलाभ प्रदान किया गया। अखंड रामायण पाठ का यह आयोजन हर वर्ष सावन माह में श्रद्धापूर्वक किया जाता है, जिसमें इस वर्ष भी सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सहभागिता निभाई। बजरंग मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने जानकारी दी कि हर वर्ष सावन माह में यह परंपरा श्रद्धा और सेवा के साथ निभाई जाती है, जिसका उद्देश्य नई पीढ़ी को रामचरितमानस से जोडऩा और समाज में धार्मिक एकता की भावना को सुदृढ़ करना है। भक्ति से सराबोर यह आयोजन धार्मिक आस्था को प्रकट करता है, बल्कि सामाजिक समरसता का भी परिचायक बनता है। नगरवासियों ने इन आयोजनों को श्रद्धा और अनुशासन के साथ संपन्न कर सावन के अंतिम सोमवार को अविस्मरणीय बना दिया।

महिला कांग्रेस ने जबरदस्ती देनी चाही चूड़ियां तो भागे एमपीईबी के डीई

# स्मार्ट मीटर का तीखा विरोध, कांग्रेस का बिजली दफ्तर के सामने जोरदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

स्मार्ट मीटर के विरोध में सोमवार को कांग्रेस सड़कों पर उतर आयी। अभी तक उपभोक्ता इसके विरोध में थे, लेकिन अब जनता को कांग्रेस का भी साथ मिल गया है। नगर कांग्रेस कमेटी के बैनर तले कांग्रेस के साथ आमजन भी बिजली दफ्तर पहुंचे और जोरदार नारेबाजी करते हुए स्मार्ट मीटर के निर्णय को वापस लेने की मांग करते रहे। सैंकड़ों जो बिजली दफ्तर के सामने पहुंचे और हाईवे पर बैठकर प्रदर्शन किया। इस दौरान महिला कांग्रेस द्वारा एमपीईबी के डीई को चूड़ियां भेंट करनी चाही तो बल प्रयोग के डर से वे कुछ कदम भागे जहां से थाना प्रभारी की गाड़ी में बैठाकर उन्हें सुरक्षित थाने लाया गया।

विरोध प्रदर्शन के दौरान ओवर ब्रिज और नर्मदापुरम रोड पर कुछ देर जाम लग गया। पूर्व नियोजित योजना और घोषणा अनुसार दोपहर कांग्रेस पीपल मोहल्ला स्थित बिजली दफ्तर के सामने पहुंचे और सड़क पर बैठकर स्मार्ट मीटर के विरोध में जोरदार नारेबाजी की। उन्होंने यहां चक्काजाम कर दिया। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री के खिलाफ कांग्रेसियों ने जमकर मुर्दाबाद की नारेबाजी की। बिजली ऑफिस के सामने पहुंचे बड़ी संख्या में कांग्रेसी और आम लोग स्मार्ट मीटर और बढ़े हुए बिजली बिलों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे। उनका कहना था कि बिजली अधिकारी जबरन स्मार्ट मीटर लगा रहे हैं। वे स्मार्ट मीटर हटाने की मांग कर रहे हैं। स्मार्ट मीटर के विरोध में कांग्रेस के चक्का



जाम में कुछ महिलाओं ने बिजली विभाग के अधिकारियों को चूड़ी देने का प्रयास किया लेकिन पुलिस ने रोक लिया। कांग्रेस ने बिजली कार्यालय के गेट पर ताला दिया। जिसे बाद में खुलवाया गया। बिजली विभाग के शहरी प्रबंधक अखिलेश कनोजे प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे और कांग्रेसियों से चर्चा की।

इटारसी में कांग्रेस के स्मार्ट मीटर विरोध प्रदर्शन में दोपहर 1 से 2:30 बजे तक विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीण महिलाओं ने एमपीईबी प्रबंधक को चूड़ी देने की कोशिश की, जिससे अफसर घबरा गए और उप महाप्रबंधक पुलिस गाड़ी में बैठकर निकल गये। थाना प्रभारी गौरव सिंह बुंदेला और पुलिस बल ने भीड़ को नियंत्रित किया। पुलिस सुरक्षा में डीई संदीप पांडे को पुलिस की गाड़ी से बाहर निकाला। पुलिस थाना प्रभारी गौरव बुंदेला और कांग्रेसियों के बीच काफी देर चर्चा चली। इस मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत पांडेय, किसान नेता विजय बाबू चौधरी, कांग्रेस नेता संजय गोठी, नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मयूर जायसवाल, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष रवि किशोर जायसवाल, नीलम गांधी, गजानंद तिवारी, सहित अन्य कांग्रेस नेता आंदोलन में शामिल हुए। आंदोलन को देखते हुये भारी पुलिस बल तैनात किया गया था।

### ये हैं विरोध के कुछ बिन्दु

लोगों का कहना है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद उनके बिजली बिल पहले से अधिक आ रहे हैं। यह भी आरोप है कि स्मार्ट मीटर में घपला हो रहा है, जिससे उनके बिल बढ़ रहे हैं। कांग्रेस पार्टी का कहना है कि कई घरों में बिना सहमति के स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं, जो उपभोक्ताओं के अधिकारों का उल्लंघन है। कांग्रेस की मांग है कि स्मार्ट मीटर योजना को बंद किया जाए। पारंपरिक मीटरों को विकल्प के रूप में चालू रखा जाए और स्मार्ट मीटरों की निष्पक्ष जांच की जाए।

### इनका कहना है

आज कांग्रेस के लोग आये थे, उनकी मांग थी कि स्मार्ट मीटन न लगाये जाएं, स्मार्ट मीटर को लेकर कुछ भ्रांतियां हैं, हम बात करने भी गये थे, लेकिन वे प्री प्लानिंग से आए थे, चूड़ियां लेकर महिलाओं को आगे कर दिया, अभद्रता की कोशिश की गई, इसलिए हमें पुलिस की मदद लेकर वहां से आना पड़ा।

**संदीप पांडेय, डीजीएम**

स्मार्ट मीटर से बिल दोगुने आ रहे हैं, आज हमें 1 बजे के बाद बुलाया, हम आये तो उन्होंने बात करना भी उचित नहीं समझा और यहां से चले गये, ठीक से बात नहीं सुनी। बिजली के बिल बढ़े आ रहे, पर्याप्त बिजली नहीं मिल रही, जिला मुख्यालय पर जिला चिकित्सालय को बिजली नहीं मिली, बच्चे, मरीज परेशान हो गये। व्यवस्था नहीं सुधरी तो रक्षाबंध के बाद हम जिला और नगरबंद आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

**शिवाकांत गुड्डन पांडेय, जिलाध्यक्ष कांग्रेस**

हमने दो दिन पूर्व डीई को बता दिया था कि 1 बजे ज्ञापन देंगे। हम यहां आए, उनको कॉल किया, लेकिन उनका रवैया अड़ियल रहा। दो घंटे तक नहीं आए, इसलिए हमें यह प्रदर्शन करना पड़ा, अन्यथा हम ज्ञापन देकर चले जाते। हम जनता के साथ हैं, हम स्मार्ट मीटर को जबरदस्ती लगाने का विरोध कर रहे हैं और करते रहेंगे।

**मयूर जायसवाल, नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष**

# बुंदेली कविता सीखने की राह कवि पंडित राजेंद्र सहारिया से होकर गुजरती है: पूर्व सांसद सोनी

## स्व. पं. राजेंद्र सहारिया कृत काव्य संग्रह 'बिना टिकट को खेल' का हुआ विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर



बुंदेली लेखन सीखने की राह कवि पं. राजेंद्र सहारिया से होकर गुजरती है। बुंदेली कविता को पं. सहारिया ने जिया है। उक्त बात पूर्व रास सांसद कैलाश सोनी ने ख्यात कवि ब्रम्हलीन पं. राजेंद्र सहरिया के काव्य संग्रह 'बिना टिकट को खेल' के विमोचन समारोह में रविवार दोपहर कही। काव्य संग्रह विमोचन समारोह सोहागपुर के सी 4 सिटी मॉल में किया गया।

ब्रम्हलीन पं. राजेंद्र सहारिया के पुत्र पद्मकांत सहारिया ने पिता की रचनाओं को काव्य संग्रह का रूप दिया व विमोचन पिता की जन्म जयंती पर कराया। रविवार के आयोजन में कैलाश सोनी, विधायक विजयपाल सिंह, चौधरी माधव सिंह, प्रो. माधव श्रीवास्तव, नारायण श्रीवास्तव, चौधरी राजेंद्र सिंह व कन्नूलाल अग्रवाल अतिथि रूप में उपस्थित रहे। आयोजन में पूर्व सांसद सोनी व विधायक विजयपाल सिंह सहित कन्नूलाल अग्रवाल व नारायण श्रीवास्तव ने उद्बोधन दिए। पुस्तक की समीक्षा प्रोफेसर माधव श्रीवास्तव ने पढ़ी। अतिथियों का स्वागत पं. अरविंद सहारिया, पद्मकांत सहारिया एवं आशीष स्थापक ने किया। ब्रह्मलीन पं. राजेंद्र सहारिया की पत्नी संतोष सहारिया का सम्मान साखी साहित्य परिषद करेली ने किया। इस दौरान श्रोता रूप में ब्रम्हलीन पं. राजेंद्र सहारिया के परिजन तथा साहित्य प्रेमी उपस्थित थे।

### पढ़ी कविताएं

विमोचन समारोह उपरांत काव्य गोष्ठी में देश के ख्यात कवियों ने रचना पाठ किया। कवियों में रामकिशोर नाविक इटारसी, खलील करेलवी करेली, जयकृष्ण चाण्डक हरदा तथा राजकुमार कोरी 'राज' बैतूल ने ग़ज़ल व गीत सुनाए। कवियों ने रचनाओं द्वारा दिवंगत पं. सहारिया के प्रति श्रद्धा भाव व्यक्तकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।

आयोजन के समापन पर पं. अरविंद सहारिया ने सभी का आभार व्यक्त किया। काव्य संग्रह 'बिना टिकट को खेल' में रचना संकलन पद्मकांत सहारिया ने तथा पुस्तक प्रकाशन प्रशांत बसेड़यि ने किया। पुस्तक का आवरण पृष्ठ बृजेंद्र साहू व नीरज साहू मथुरा ने तैयार किया।

## पोल से टिकी न्यायालय परिसर की जर्जर बाउंड्रीवाल, हो सकती है दुर्घटना का सबब

**सोहागपुर।** स्थानीय न्यायालय की बाउंड्रीवाल अत्यधिक क्षतिग्रस्त अवस्था में है। दिनोंदिन क्षतिग्रस्त होती जा रही दीवाल कभी भी गिर सकती है। नागरिकों ने बताया कि सरदार वार्ड में विवेकानंद स्कूल जाने के रास्ते से लगी दीवार झुक गई है तथा कभी भी यह दीवार गिर सकती है। नागरिकों को इस बात की चिंता है कि स्कूल लगने या अवकाश के समय दीवाल के साथ कोई क्षति होती है तो बच्चों के साथ नुकसानदायक स्थिति बन सकती है। अतः आवश्यक है कि स्थानीय प्रशासन इस बाबत ध्यान दे तथा दीवाल के सुधार के लिए प्रयास करे। नागरिकों ने उक्त दीवार के अविलंब सुधार की अपेक्षा की है। चित्र से समझा जा सकता है कि क्षतिग्रस्त दीवार बिजली के पोल से टिकी हुई है। जो कभी भी गिर सकती है।



# कुशवाहा समाज व लवकुश सेवा संगठन की बैठक हुई संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

रविवार को नप मंगल भवन में कुशवाहा समाज संगठन एवं लवकुश सेवा संगठन की बैठक हुई। जिसमें लवकुश जन्मोत्सव समारोह पर चर्चा की गई। बैठक में 24 अगस्त 2025 को जन्मोत्सव मनाने का निर्णय लेते हुए ग्रापं सिटिया गोहना सरपंच सुरेश कुशवाहा को इस वर्ष के कार्यक्रम का अध्यक्ष व मिथलेश कुशवाहा ढिकवाड़ा को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं पवन कपरिया को कोषाध्यक्ष व करण सिंह कुशवाहा नाहरवाडा को सचिव नियुक्त किया गया है।



### यह होगी रूपरेखा

कुशवाहा समाज संगठन जिला प्रभारी पप्पू कुशवाहा सोहागपुर के अनुसार भगवान लवकुश तथा हनुमान जी की झांकियों के साथ शोभायात्रा लवकुश चौराहे से रवाना होकर सोहागपुर उपमंडी पहुंचेगी, जहां समाज के श्रेष्ठ विद्यार्थियों का सम्मान समारोह होगा। गत दिवस हुई बैठक में कुशवाहा समाज संगठन नर्मदापुरम जिलाध्यक्ष मालकजी कुशवाहा, महिला जिलाध्यक्ष शीतल मौर्य, महिला जिला सचिव सुखवती कुशवाहा, मोहन सिंह कुशवाहा, कैलाश कुशवाहा, सालकराम कुशवाहा, मोहनलाल कुशवाहा, सब्बूलाल कुशवाहा, नानकराम कुशवाहा, नेतराम कुशवाहा, ललित मौर्य, राजेश कुशवाहा मैकेनिक, चैन सिंह मौर्य व अन्य सामाजिक बंधु उपस्थित थे। आयोजन में उपस्थित सामाजिक पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ईंट डालकर छिपाई जा रही रेलवे स्टेशन-हाईवे सड़क निर्माण की गड़बड़ी, ठेकेदार और अधिकारियों पर जनता का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

गत वर्ष लोनिवि व सोहागपुर नप द्वारा बनाई गई रेलवे स्टेशन-स्टेट हाईवे सड़क में गहरे गड्ढे होने से लोगों को असुविधा होती है। अब प्रशासन सड़क निर्माण दौरान बरती गई लापरवाही को छिपाने गड्ढों में ईंट का मलबा डलवा रहा है। इधर नागरिकों के अनुसार निर्माण के कुछ सप्ताह बाद ही हल्के वाहनों का भार भी नहीं झेल पाई सड़क में गड्ढे होते ही जा रहे हैं। बची कसर बारिश ने पूरी की और सड़क निर्माण में की गई गड़बड़ी की कलई खोल दी। अब सड़क में दर्जनों छोटे-बड़े गड्ढे हैं, जिनका ईंट व मलबे से पुराव का नाकाम प्रयास प्रशासन कर रहा है।



### अधिकारी खामोश

नागरिकों के अनुसार सड़क के समीप बड़े अधिकारियों के शासकीय आवास हैं। वन विभाग तथा बिजली कंपनी के कार्यालयों सहित कॉलेज तथा रेलवे स्टेशन का पहुंच मार्ग यही सड़क है। लेकिन लापरवाही समक्ष आने पर भी जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी साबित कर रही है कि गड़बड़ी में कईयों की मिलीभगत है। कांग्रेस ने भी सड़क में हुए भ्रष्टाचार को लेकर कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन एसडीएम को सौंपा है। नागरिकों के अनुसार प्रशासन ने गड्ढे तो पुरवा लिये, लेकिन इससे भ्रष्टाचार नहीं छिपने वाला। नागरिकों ने शासन से जांच की मांग की है।

# सहायक संचालक शिक्षा जसवंत सिंह ने किया शासकीय स्कूलों का निरीक्षण, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सेमरी हरचंद

शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का सहायक संचालक शिक्षा जसवंत सिंह एवं पारस जैन ने पोशाक निरीक्षण किया एवं शिक्षा के स्तर की जानकारी ली।सहायक संचालक जहां नवी एवं दसवीं कक्षा में जाकर गणित विषय में छात्रों से सवाल पूछे एवं सरल विधि से गणित हल करने की विधि छात्रों को समझाई।

रसहायक संचालक पारस जैन ने छात्रों को परीक्षा में अव्वल परिणाम लाने के लिए कक्षा नवी केछात्रों को 3 घंटे दसवीं के छात्रों को 4 घंटे कक्षा 11 के छात्रों को 5 घंटे तथा कक्षा 12वीं के छात्रों को लगातार 5 घंटे पढ़ाई करने की समझाइश दी एवं



नियमित रूप से विद्यालय आने की बात कही।

संयुक्त संचालक शिक्षा द्वय में स्कूल में शिक्षकों की समय पर उपस्थित के लिए स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संचालित ई अटेंडेंस का नियम अनिवार्य रूप से लागू करने के लिए समस्त शिक्षकों को निर्देशित किया एवं स्कूल में बच्चों की पढ़ाई का स्तर संतोष जनक नहीं होने पर चिंता जताते हुए स्कूल में पढ़ाई का सुधारने हेतु समस्त शिक्षकों को निर्देशित किया निरीक्षण के दौरान विद्यालय की प्राचार्यशीला चौधरी , उप प्राचार्य विद्या सूर्यवंशी समेत समस्त स्टाफ उपस्थित था।

# सावन के अंतिम सोमवार को निकाली गई कांवड़ यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

सावन के पावन महीने में मालवीय परिवार द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भव्य कावड़ यात्रा निकाली गई।

कावड़ यात्रा बूढी माता से प्रारंभ होकर नगर की फेरी लगाकर तिलकसिंदूर के लिए रवाना हुई। कावड़ यात्रा का स्वागत भाजपा नगर उपाध्यक्ष संगीता अनिल मालवीय द्वारा पुष्पवर्षा कर किया गया। यात्रा में सम्मिलित सभी बच्चे और महिलाओं में बड़ा आनन्द और उल्लास देखते ही बन रहा था। इस अवसर पर उमाशंकर व उमेश मालवीय ने बताया कि हर साल की तरह इस वर्ष भी कांवड़ यात्रा निकल तिलक सिन्दूर में शाम भंडार का भी आयोजन रखा गया है।

# अभा नार्मदीय ब्राह्मण महासभा सिवनी मालवा इकाई के चुनाव निर्विरोध संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी मालवा

अखिल भारतीय नार्मदीय ब्राह्मण महासभा के निर्देशानुसार सिवनी मालवा इकाई का बहुप्रतीक्षित निर्वाचन कार्यक्रम 3 अगस्त को हर्षोल्लास और सामाजिक एकजुटता के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर समाज के पुरुषों एवं महिलाओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति देखने को मिली।

निर्वाचन प्रक्रिया को महासभा द्वारा अधिकृत पर्यवेक्षकों सतीश राजवैद्य एवं अरुण पाराशर के मार्गदर्शन में सम्पन्न किया गया। दोनों पर्यवेक्षकों ने संपूर्ण प्रक्रिया को लोकतांत्रिक, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाया। सर्वसम्मति से हुए निर्विरोध निर्वाचन में अध्यक्ष



आदित्य चौरे, महिला अध्यक्ष जयश्री कात्यायनी, युवा अध्यक्ष संगीत राजवैद्य चुने गये। उक्त तीनों नव-निर्वाचित पदाधिकारियों ने समाज के प्रति निष्ठा, सेवा और सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया। उपस्थित समाजजनों ने तालियों और शुभकामनाओं के साथ उनका स्वागत किया। चुनाव के अवसर पर समाज में नई ऊर्जा, विश्वास और संगठनात्मक मजबूती का वातावरण देखने को मिला। समाज के वरिष्ठजनों ने कहा कि यह चुनाव न केवल नेतृत्व चयन की प्रक्रिया थी, बल्कि यह नवाचार, पीढ़ीगत समन्वय और समाज हित में प्रतिबद्धता का प्रतीक भी है। महिला वर्ग और युवा वर्ग की सक्रिय भागीदारी भी इस चुनाव की विशेषता रही।

## कारगिल विजय दिवस पर हुई संगोष्ठी

# भाषण से विचारों की अभिव्यक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माखननगर

श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय में आज कारगिल दिवस साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत कारगिल विजय दिवस पर आधारित भाषण प्रस्तुति कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ नीता चौबे की अध्यक्षता और राष्ट्रीय सेवा योजना बालक इकाई कार्यक्रम अधिकारी पंकज बैरवा , रासेयो बालिका इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ अनिता साहू व स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रभारी डॉ क्षमा मेहरा के संयुक्त मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। 26 जुलाई से 08 अगस्त तक प्रस्तावित कार्यक्रम में आज स्टॉफ के साथ ही विद्यार्थियों ने भी इस विषय पर अपने विचार व्यक्त किये। मंच संचालन एनएसएस बालिका इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ अनिता साहू ने किया। मंच संचालन करते हुए आपने कारगिल युद्ध पर आधारित कारगिल विजय दिवस का परिचय दिया साथ ही प्रत्येक भारतीय के लिए 26 जुलाई के महत्व पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम की शुरुआत में एनएसएस जिला संगठक वरिष्ठ प्रो.डी. एस. खत्री ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि कारगिल युद्ध मई से जुलाई 1999 के बीच हुआ था, और यह युद्ध क्षेत्र 10,000 फीट से अधिक की ऊंचाई पर स्थित था. इस ऊंचाई पर तापमान -10 डिग्री सेल्सियस तक गिर जाता था, और कभी-कभी इससे भी नीचे चला जाता था. इसके अलावा, अत्यधिक ऊंचाई के कारण, ऑक्सीजन का स्तर भी बहुत कम हो जाता था, जिससे सैनिकों के लिए लड़ना और भी मुश्किल हो जाता था। भारतीय सैनिकों ने -48 डिग्री सेल्सियस तक के तापमान में भी लड़ाई लड़ी. इस वातावरण में भारतीय सैनिकों ने न केवल प्रतिकूल मौसम का सामना किया, अपितु विजय भी प्राप्त की।

एनसीसी प्रभारी (कैप्टन) डॉ आई.एस. कनेश ने कहा कि जय हिंद सिर्फ एक शब्द नहीं है। देश की अखंडता और देशभक्ति की भावना को जाग्रत करने का मंत्र है।

# अध्यापकों की बैठक में कई बिंदुओं पर किया विचार विमर्श: रघुवंशी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी मालवा

मध्यप्रदेश शासकीय शिक्षक संगठन की प्रांतीय बैठक आज भोपाल के तुलसी नगर स्थित मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संगठन के प्रांतीय कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता संगठन के प्रांत अध्यक्ष राकेश दुबे ने की, जबकि संचालन महामंत्री संजीव त्रिपाठी द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन-अर्चन के साथ की गई। इसके पश्चात प्रदेशभर से आए जिला अध्यक्षों एवं प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्यों ने अपने विचार रखते हुए शिक्षक समुदाय की ज्वलंत समस्याओं और मांगों को मंच पर रखा। इस बैठक में मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष हेमंत श्रीवास्तव तथा महामंत्री जितेन्द्र सिंह विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

## विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया

**माखन नगर।** परियोजना माखन नगर में नगरी सेक्टर वार्ड 4/2 आंगनबाड़ी केंद्र में महिलाओं को जानकारी देते हुए बताया प्रदेश में 1 अगस्त से 7 अगस्त तक विश्व स्थान पर सप्ताह मनाया जा रहा है इसकी थीम है माताओ और शिशुओं के स्वास्थ्य में सुधार करना है विशेष रूप से स्तनपान को सक्रिय रूप से बढ़ावा देकर शिशु मृत्यु दर को कम करना है। गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को प्रसव के 1 घंटे के अंदर स्तनपान कराना एवं 6 माह तक केवल मां का दूध पिलाने की समझाइए दी गई है मां का दूध बच्चे का पहला टीकाकरण होता है इससे रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है इस अवसर पर पर्यवेक्षक अनुराधा असवार कार्यकर्ता नफीसा बी सहायिका जैफीन और वार्ड की महिलाएं उपस्थित रही।

# जिला पंचायत सदस्य ने किया बच्चों को साइकिल का वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ माखननगर

सोमवार को मध्य प्रदेश सरकार की निशुल्क साइकिल वितरण योजना अंतर्गत ग्राम आरी एवं ढोडई में जिला पंचायत सदस्य उमेश यादव ने स्कूल के विद्यार्थियों को साइकिल वितरण की एवं एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत गणमान्य नागरिकों के साथ पौधारोपण किया। इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ जन केतार सिंह चौहान, हरिशंकर मालवी जगदीश साहू उपाध्यक्ष लालचंद यादव मंडल अध्यक्ष विपिन यादव मंडल उपाध्यक्ष विनय यादव संतोष सिंह चौहान सरपंच बनवारी यादव हीरालाल बोरासी पूर्व जनपद सदस्य जगदीश यादव बी.ओ कार्यालय के एड मायर सन प्राचार्य भरत मेहरा समदर्शी वर्मा तुलसीराम यादव अरुण नामदेव एवं समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### आशीष गुप्ता को किया अग्रश्री सम्मान से सम्मानित

**सीहोर**। राजधानी भोपाल की सामाजिक क्षेत्र में सक्रीय एवं मातृशक्ति के प्रतिनिधत्वि की अग्रणी संस्था संस्कार सुधा फाउण्डेशन एवं मध्य प्रदेश अग्रवाल महिला महासभा के बेनरतले आयोजित सतरंगी सावन का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभाओं ने अपनी कला की छाप बिखेरी। इस अवसर पर मध्य प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले युवा समाजसेवियों का सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया। जिसमें नगर के युवा समाजसेवी एवं हिन्दु उत्सव समिति के अध्यक्ष आशीष गुप्ता की समाज के प्रति सेवा व समर्पण की भावना को दृष्टिगत रखते हुए उन्हें अग्रश्री सम्मान से राज्यसभा सांसद रघुनन्दन शर्मा एवं वरिष्ठ समाजसेवी गोविन्द गोयल, संस्कार सुधा फाउण्डेशन के अध्यक्ष रशमी अग्रवाल, महेन्द्र अग्रवाल ने पुष्पमाला एवं अग्रवस्त्र पहनाकर व स्मृति प्रदान कर सम्मानित किया। श्री गुप्ता को अग्रश्री सम्मान से सम्मानित करने पर इश्ट मित्रों ने बधाई देते हुए आभार व्यक्त किया।

### कभी भी दे सकेंगे जीवन प्रमाण पत्र

**सीहोर** । कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) में पेंशनरों को दी जाने वाली सुविधाओं में एक नई सुविधा शामिल की गई है। ईपीएफ के दायरे में आने वाले रिटायर्ड कर्मचारी अब साल भर में कभी भी जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। अभी तक साल भर में सिर्फ एक बार नवंबर में जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने की सुविधा थी। बता दें कि पेंशनरों की सहूलियत के लिए अब ईपीएफओ ने नई व्यवस्था की है। इसके तहत कोई पेंशनर साल के जिस महीने में जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करेंगे, अगले साल इसी महीने में उन्हें अगला प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।

### निजी फीजियोथेरेपी केन्द्रों का पंजीयन अनिवार्य

**सीहोर**। निजी फीजियोथेरेपी केन्द्रो को अपना पंजीयन कराना अनिवार्य हो गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने गत दिवस बताया कि शासन निर्देशानुसार अब निजी नर्सिंग होम एवं क्लिनिकल स्टेब्लिश्मेंट का विनिमय म.प्र. उपचार्यगृह तथा रजोपचार्य संबंधी स्थापनायें अधिनियम 1973 तथा नियम 1997 (यथा संशोधित) 2021 के स्थापित प्रावधान अनुसार समस्त फीजियोथेरेपिस्ट को अधिनियम की धारा 2 में क्लिनिकल स्टेब्लिश्मेंट को परिभाषित किया गया हैं।

### उखड़ी सड़क गहरे गड्ढे होने से दिखने लगे सरिए

**सीहोर** । मंडी के रेलवे ओवर ब्रिज में कई जगह गड्ढे हो गए हैं। इन गड्ढों में सरिए भी निकल आए हैं। ऐसे में ब्रिज के ऊपर से निकलने वाले वाहनों को आवागमन में दिक्कत हो रही है। वहीं अन्य जगहों पर गड्ढे होना शुरू हो चुके हैं। कई बार इसकी मरम्मत भी की गई।

---

### पुलिस ने युवक की शिकायत पर 6 लोगों के खिलाफ दर्ज किया प्रकरण

# दिन दहाड़े कार में युवक और युवती को बैठाया, सीसीटीवी में कैद हुआ मामला





हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

सोमवार सुबह कुछ लोग एक युवक और युवती को जबरदस्ती कार में बैठाकर ले गए। इसके करीब साढ़े 4 घंटे बाद उसी गाड़ी से दोनों को थाने लाया गया। युवक ने कहा कि मैने शादी की थी, इसलिए मुझे जबरदस्ती ले जाया गया। उधर पुलिस ने मामले में 6 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। घटना के कुछ देर बाद ही युवक-युवती को कार में ले जाने का वीडियो भी सामने आया है। सिटी कोतवाली थाना टीआई रोशनलाल भारती ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में कुछ लोग युवक और युवती को जबरदस्ती गाड़ी में बैठाते दिखाई दे रहे हैं। जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की गई। सीसीटीवी फूटेज के आधार पर पुलिस ने छानबीन की। फुटेज में छीपानेर रोड के स्वागत गेट के पास रहने वाला महेंद्र काशिव भी दिखाई दे रहा है।

युवक-युवती दतिया जिले से भागकर हरदा आए थे। लड़की के परिजन ही उन्हें उठाकर अपने साथ ले गए। अब तक की जांच में सामने आया है कि युवती और उसके प्रेमी का घर आमने-सामने है। दोनों एक ही गोत्र के हैं, इसलिए परिवार ने प्रेम प्रसंग पर आपत्ति जताई थी। इससे नाराज होकर दोनों घर से भाग गए थे। बताया जा रहा है कि युवक युवती का चाचा लगता है। इस कारण परिवार के लोग दोनों को समझाइश देने के लिए वापस ले जा रहे थे। घर से भागकर करीब डेढ़ महीने दोनों पहले दिल्ली गए थे। वहां करीब 20 दिनों पहले हरदा आए थे। 8 दिन पहले परिजनों को लड़की के मोबाइल की लोकेशन हरदा की मिली थी। जिसको लेकर परिजन उसे लेने हरदा आए थे। बताया जा रहा है लड़की दो भाइयों की इकलौती बहन है। हरदा एसपी अभिनव चौकसे ने बताया कि युवक-युवती से सिटी कोतवाली में पूछताछ की जा रही है।

#### सिर्फ मदद करने गया था

परिवार की मदद के लिए गया था महेंद्र काशिव मेहरा का कहना है कि मैं तो परिवार की मदद के लिए गया था। उनके बीच में प्रेम प्रसंग है। दतिया से हमारे संगठन के एक साथी ने फोन लगाया था कि एक बालिका लापता है। परिवार काफी चिंतित था। लड़के-लड़की की लोकेशन के हिसाब से हम वहां पहुंचे थे। महेंद्र ने कहा पुलिस ने ही हमें लोकेशन छीपानेर रोड के पास होना बताया था। इस नाते मदद की है। यह पारिवारिक मामला है।

#### 20 दिन पहले घर से चली गई थी

युवती के भाई ने बताया कि उनकी बहन करीब 20 दिनों से गांव के ही एक युवक के साथ घर से चली गई थी। जिसकी तलाश करते हुए दतिया पुलिस की बताई लोकेशन के आधार पर वह हरदा पहुचे थे। चूंकि हम उन्हें दतिया ले जा रहे थे। काफी आगे निकल गए थे, लेकिन अपहरण की बात सामने आने पर उन्हें कुछ ही देर में वापस हरदा लेकर आ रहे हैं।

#### इनका कहना

पुलिस ने फरियादी युवक की रिपोर्ट के आधार पर लड़की के परिजनों सहित 6 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।
**रोशन लाल भारती** , थाना प्रभारी हरदा

---

### सावन सोमवार पर आकर्षक श्रृंगार





**हरदा**। सावन माह के चतुर्थ एवं अंतिम सोमवार के अवसर पर हरदा मंडी प्रांगण स्थित श्री पंच पिपलेश्वर महादेव मंदिर में भगवान भोलेनाथ का श्रृंगार हुआ। जिसमें महादेव अपने दिव्य स्वयंभू पार्थेश्वर महादेव स्वरूप में दिखाई दे रहे हैं। कलाकार जयकृष्ण चांडक का इस मंदिर में विगत इक्कीस सालों में सतत सौवां श्रृंगार है। उन्होंने बताया कि श्रृंगार करने में करीब आठ घंटे का समय लगा। श्रृंगार में मिट्टी, रंग, काली पोलिथीन, दीपक और बुरादा का उपयोग किया। इस दौरान रोहित सोनी, सुरभि राजपूत, कल्पना पंवार का सहयोग रहा। इसी प्रकार सिराली के तिल भांडेश्वर शंकर मंदिर में भी भगवान भोलेनाथ का आकर्षक श्रृंगार किया गया।




### कांवड़ यात्रा में शामिल लोगों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

**रहटगांव**। श्रावण मास के पवित्र अवसर पर बनवासी क्षेत्र के भाइयों बहनों द्वारा कावड़ यात्रा निकाली गई। कावड़ यात्रा में सेवा भारती हरदा द्वारा ग्राम लोधी ढाना में उनके स्वास्थ्य परीक्षण एवं सामान्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें हरदा के सेवा भारती के सभी पदाधिकारी गण एवं वनवासी कल्याण परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी मात्रा में वनवासी भाइयों, माताएं ,बहनों के स्वास्थ्य परीक्षण उपरांत निशुल्क दवाएं वितरित की गई।

---

## लगातार 9वीं बार कायाकल्प पुरस्कार मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव



रहटगांव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को निरन्तर 9 वी बार कायाकल्प विनर अवॉर्ड एवं प्रदेश में छठवां स्थान मिला है। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी हरदा डा.एच पी सिंह के मार्गदर्शन में संस्था द्वारा निरंतर कायाकल्प मापदंड अनुसार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आगे भी हम संस्था में जो कमियां हैं उसे दूर करने के लिए प्रयासरत रहेंगे। प्रमुख खंड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टिमरनी डा.एम के चौरे द्वारा बताया गया कि संस्था निरंतर अच्छा कार्य कर रही है। आगे भी हम अच्छे कार्य करने के लिए संस्था के सभी अधिकारी कर्मचारी के साथ सहयोग प्रदान करेंगे। उन्होंने संस्था के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ हर्ष पटेल एवं आयुष चिकित्सक डा साधना सेजेकर के कार्य की एवं अन्य कर्मचारियों स्टाफ नर्स फार्मासिस्ट सफाई कर्मचारियों की भी प्रशंसा की।

### बेरोजगार युवा लगा सकते हैं खाद्य प्रसंस्करण यूनिट

**हरदा**। आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के अन्तर्गत उद्यमों के विस्तार उन्नयन या नए सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना अथवा पूर्व से संचालित उद्योगों के अपग्रेडेशन के लिए सुक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों पर अनुदान सहायता प्रदान की जा रही है। बेरोजगार युवा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्थापित करके न केवल आर्थिक रूप से सुदृढ़ हो सकते हैं। बल्कि अन्य लोगों को रोजगार भी दे सकते हैं। सहायक संचालक उद्यान ने बताया कि योजना के तहत सभी प्रकार के प्रसंस्कृत इकाई जैसे आम, नींबू, लहसुन का आचार, ज्यूस, संतरा कैण्डी, संतरा ज्यूस, जैली, जैम, टमाटर कैचप, चटनी, सॉस, लहसुन पेस्ट, लहसुन पाउडर, आटा मील, चावल मील, दाल मील, मसाला पाउडर, नमकीन, दूध से तैयार उत्पाद जैसे पनीर, घी एवं मावा, तेल मील आदि प्रसंस्करण इकाईयों पर पीएम एफएमई योजना से लाभ प्राप्त किया जा सकता है।

### पेड़ पौधों और प्रकृति से अच्छा इंसान का कोई दोस्त नहीं



**हरदा**। पेड पौधों और प्रकृति से अच्छा इंसान का कोई दोस्त हो ही नहीं सकता है। इसी थीम को लेकर श्री दयोदय गोशाला में विश्व मैत्री दिवस पर पौधरोपण और रक्षा सूत्र कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें युवा समाजसेवी नितेश बादर,डॉ.अकबर अली,राजेंद्र जैन मामा,सोहन उन्हाले,विवेक बादर,लोकेश शर्मा,ओपी राठौर,अतुल शुक्ला सहित अनेक पर्यावरण प्रेमियों ने विविध प्रजातियों के पौधे रोपे। साथ ही उनकी देखभाल का संकल्प लेकर उन्हें रक्षा सूत्र बांधे। अनूप जैन ने बताया कि ऐसा आयोजन बीते कई वर्षों से लगातार किया जा रहा है।

---

### अब कॉलेजों में छात्रों से सिलेबस डिजाइन में लेना होगा फीडबैक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

अब कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में दिव्यांग जनों के लिए विशेष व्यवस्था की जाएगी। इनके साथ किसी तरह का भेदभाव न हो और वे भी आम विद्यार्थियों की तरह विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लें, इसके लिए वातावरण निर्मित किया जाएगा। इस संबंध में यूजीसी ने सभी शिक्षण संस्थानों के लिए गाइडलाइन जारी की हैं। इसके तहत सिलेबस डिजाइन में फीडबैक भी लेना होगा। यूजीसी ने स्पष्ट कहा है कि नेशनल एजुकेशन पॉलिसी (2020) के अनुसार संस्थानों को प्रवेश प्रक्रिया और पाठ्यक्रम को आसान बनाने एवं सबको शामिल करने वाली शिक्षा व्यवस्था पर फोकस करना होगा। यूजीसी ने संस्थानों को सभी भवन और बुनियादी ढांचे दिव्यांगों के लिए सुलभ और अनुकूल बनाने के लिए कहा है। इसके तहत प्रदेश में ऐसे विद्यार्थियों के लिए ब्रिज कोर्स विकसित किए जाएंगे, जो शैक्षिक रूप से पिछड़ी पृष्ठभूमि से आते हैं। सभी विद्यार्थियों को सामाजिक-भावनात्मक और शैक्षणिक सहायता से संबंधित परामर्श और मेंटरशिप कार्यक्रम भी शुरू किए जाएंगे।

## कुबेरेश्वरधाम पर पहुंचे 50 हजार से अधिक श्रद्धालु, किया अभिषेक



**सीहोर**। सीवन नदी से कुबेरेश्वरधाम कांवड़ लेकर जाने शिवभक्तों का सिलसिला भोर होने के साथ ही शुरू हो जाता है। कांवड़ मेला एक माह आगामी 8 अगस्त तक चलेगा। इसी के साथ 6 अगस्त को शहर के सीवनघाट से सुबह नौ बजे भव्य कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी। इसमें स्वयं कुबेरेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित प्रदीप मिश्रा शामिल होंगे। यह यात्रा सीवन नदी से करीब 11 किलोमीटर पैदल चलकर धाम पर पहुंचेगी, जहां पर भव्य आरती की जाएगी और बाबा को जल अर्पित किया जाएगा। पूरे सावन में शिवलिंग पर जल चढ़ाना अच्छा माना जाता है, लेकिन कावड़िए इस दिन का अलग ही इंतजार करते हैं। प्रदोष काल में लाखों की संख्या में कांवड लेकर श्रद्धालु सीवन नदी के तट से कुबेरेश्वरधाम पहुंचेंगे। इस बार कांवड यात्रा में कांवड़ियों पर हेलिकॉप्टर से पुष्पवर्षा करेंगे सारजन और रावण को टक्कर देगा मध्यप्रदेश का बाबा डीजे, दो दर्जन से अधिक डीजे और झांकियां रहेगी कांवड यात्रा में शामिल। वहीं रविवार को करीब 50 हजार से अधिक श्रद्धालु धाम पर पहुंचे। धाम पर अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के निर्देश पर भोजन पंडाल बनाया गया है। जहां पर लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं को भोजन प्रसदी वितरण करने की व्यवस्था शुरू हो गई है।

## विधायक सुदेश राय ने वार्ड 21 के नागरिकों की सुनी परेशानी, ठेकेदार से की बात



**सीहोर**। हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के वार्ड क्रमांक 21 के नागरिकों ने विधायक सुदेश राय से मिलकर ओवरब्रिज निर्माण को लेकर आ रही समस्याओं से अवगत कराया। नागरिकों ने बताया कि निर्माण कार्य में हो रही देरी और कंपनी की अनदेखी के कारण उन्हें आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

विधायक सुदेश राय ने नागरिकों की परेशानियों को ध्यानपूर्वक सुना और निर्माण कंपनी के ठेकेदार से तुरंत बात की। उन्होंने ठेकेदार को जल्द से जल्द काम पूरा करने का निर्देश दिया और नागरिकों को आश्वासन दिया कि इस समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। इस दौरान भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति, पार्षद प्रतिनिधि कमलेश कुशवाहा, विश्वनाथ सिंह, ओपी अग्निहोत्री, हरिओम शर्मा दाऊ सहित वार्ड के अनेक नागरिक मौजूद रहे।

---

### सीवन से कुबेरेश्वरधाम 11 किमी जा रहे श्रद्धालुओं को कराया नाश्ता

# कोई पूछ रहा था नाश्ते की, तो कोई पानी की... हर कोई शिवभक्तों की सेवा में समर्पित दिखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



श्रावण मास की पावन बेला में सीहोर का वातावरण पूरी तरह भक्ति में डूबा नजर आया। रविवार को हजारों श्रद्धालुओं की आस्था की एक अनूठी झलक तब देखने को मिली, जब वे नंगे पैर सीवन नदी घाट से 11 किलोमीटर की कठिन पदयात्रा कर कुबेरेश्वरधाम बाबा भोलेनाथ के दर्शन हेतु निकल पड़े। हर ओर बोल बम के जयघोष गूंज रहे थे, डीजे की धुन और ढोल-मंजीरों की थाप पर भक्ति का सैलाब उमड़ पड़ा। इस दिव्य माहौल को और अधिक पावन बना दिया शहर के सेवाभावी लोगों ने, जिन्होंने देश के कोने-कोने से आए कांवड़ियों के स्वागत में कोई कसर नहीं छोड़ी। स्थानीय इंदौर-भोपाल रोड स्थित डी मार्ट के पास पंडित प्रदीप मिश्रा के सेवा पंडाल में सुबह से ही श्रद्धालुओं के लिए गर्मागर्म पोहा और ताजे केले का नाश्ता तैयार किया गया। नाश्ता वितरण का यह पुण्य कार्य शाम तक चलता रहा। सेवा में लगे हर चेहरे पर एक संतोष भरी मुस्कान थी, मानो भगवान शिव को ही भोग अर्पित कर रहे हों। सेवाभाव से ओतप्रोत लोगों का कहना था, "यह हमारा सौभाग्य है कि हमें बाबा भोले के भक्तों की सेवा का अवसर मिला। यही सच्चा धर्म है। श्रद्धालुओं ने इस सेवा को सच्चे शिवत्व की अनुभूति बताया और मुक्त कंठ से प्रशंसा की। सीहोर की सड़कों पर केवल यात्रियों के पांव नहीं थे, बल्कि आस्था, समर्पण और सेवा के पवित्र पदचिन्ह थे, जो लंबे समय तक लोगों के हृदय में अमिट रहेंगे।

## कलेक्टर के निर्देश पर वाटरफॉल जाने वाले रास्तों पर लगाई गई कर्मचारियों की ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर




कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार बारिश के दौरान जिले के झरनों पर संभावित दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए इन झरनों पर पर्यटकों को जाने से रोका जा रहा है। इसके लिए जिले के अमरगढ़ वाटरफॉल, दिगंबर वाटरफॉल एवं अन्य वॉटरफाल जाने वाले रास्तों पर कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। ये कर्मचारी वॉटरफॉल जाने वाले रास्तों पर पूरी मुस्तैदी से ड्यूटी कर रहे हैं और नागरिकों एवं पर्यटकों को वॉटरफॉल पर जाने से रोक रहे हैं ताकि संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सके। इसके साथ ही एसडीएम, तहसीलदार एवं अन्य अधिकारियों द्वारा इन स्थलों पर निरंतर भ्रमण भी किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी बालागुरु के. ने वॉटरफॉल पर होने वाली संभावित दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जिले के अमरगढ़ वॉटरफॉल, दिगंबर वॉटरफॉल तथा कालियादेव वॉटरफॉल पर 15 जून से 15 अक्टूबर 2025 तक पर्यटकों तथा आम नागरिकों का प्रवेश प्रतिबंधित किया है।